आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

इको टूरिज़्म

प्रदेश में नई इको टूरिज़्म नीति के तहत 77 इको टूरिज़्म स्थल विकसित किए जाएंगे। सरकार ने नई नीति के तहत अगले 5 वर्षों में 2 सौ करोड़ रूपए का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नई इको टूरिज़्म नीति का उद्देश्य पर्यटकों को आकर्षित करना, रोज़गार के अवसर सृजित करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना है। राज्य सरकार के अनुसार प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा रहा है और नई इको टूरिज़्म नीति से भी पर्यटन व प्रकृति दोनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

गौवंश

राज्य सरकार ने गौसदनों में रखे पशुओं के लिए मासिक चारा अनुदान 7 सौ रूपए से बढ़ाकर एक हज़ार दो सौ रूपए प्रति पशु करने का निर्णय लिया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार बढ़ा हुआ अनुदान बेसहारा गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने में कल्याणकारी सिद्ध होगा। सरकार के इस निर्णय से खेतों में बेसहारा घूमने वाले पशुओं से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। प्रवक्ता ने बताया कि नए गौसदनों की स्थापना के लिए सरकार लोगों को 10 लाख रूपए या परियोजना लागत की 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दे रही है। गौ सदन विस्तार के लिए 5 लाख या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है।

शिमला ग्रीष्मोत्सव

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे। इस वर्ष शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है।

5 दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय समर फैस्टिवल का आज आगाज होगा जिसकी पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ल द्वारा सांय 8 बजे किया जायेगा। ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन स्कूलों के छात्र व स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध पार्श्व गायिका निधि रस्तोगी सांस्कृतिक संध्या की मुख्य आकर्षण होगी। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला से 3 राज्यों के सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे जिसमें हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर राज्य के दल शामिल रहेंगे। शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। 5 जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा पंजाबी, हिंदी पार्श्व गायक लोगों का खूब मनोरंजन करेंगे।

महानाटी

इस बीच, शिमला ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन आज महानाटी का आयोजन किया गया। इसमें शिमला शहरी और मशोबरा की करीब एक सौ 50 महिलाओं ने भाग लेकर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस दौरान ज़िला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार ग्रीष्मोत्सव के दौरान 5 दिन तक महिलाएं महानाटी में हिस्सा लेंगी।

दुर्घटना

मण्डी ज़िले के कटौला क्षेत्र में आई.आई.टी. कमांद के समीप आज एक पिक–अप वाहन के खाई में गिर जाने से 5 लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये लोग इस वाहन में टैंट का सामान लेकर जा रहे थे। हादसे में मारे गए दो लोग पंजाब जबकि एक व्यक्ति हरियाणा से संबंधित बताया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदना जताई है।

शिष्टमंडल

ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। शिष्टमंडल किसी भी प्रकार के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के संकल्प का कड़ा संदेश दे रहे हैं। शशि थरूर के नेतृत्व में शिष्टमंडल आज ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के लिए ब्रासीलिया पहुंचा। यात्रा के दौरान, शिष्टमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल लाइबेरिया में है। इसी बीच, जनता दल यूनाइडेट सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल इंडोनेशिया की सफल यात्रा के समापन के बाद आज मलेशिया के कुआलालम्पुर पहुंचा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल दो जून से हमीरपुर व कांगड़ा जिलों के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगें। मुख्यमंत्री कल हमीरपुर के पॉलीटेक्निक कॉलेज बड्डू में एक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बाद दोपहर, मुख्यमंत्री ज्वालामुखी में पुलिस चौकी का उदघाटन और अग्निशमन केन्द्र की आधारशिला रखेंगे। वे ज्वालामुखी जनशिकायत की सुनवाई भी करेंगे।

समाप्त